







# कमिश्नर बंगला से ढेकहा तिराहे तक 700 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा फ्लाइओवर

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा जिले में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत प्रस्तावित सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की.**

बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र अंतिम रूप देकर टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाए, ताकि विकास कार्य समयबद्ध रूप से शुरू हो सकें. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा में कमिश्नर बंगला से ढेकहा तिराहे तक 700 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित फ्लाइओवर निर्माण कार्य पर विशेष चर्चा की. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह फ्लाइओवर वर्तमान यातायात दबाव को कम करने के साथ-साथ भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक एवं दूरदर्शी ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रणाली विकसित करेगा. इसके निर्माण से शहर में सुगम एवं व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित होगा तथा यातायात बाधाओं में उल्लेखनीय कमी आएगी. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने लक्ष्मण बाग से कुठुलिया मार्ग में बिछिया नदी पर प्रस्तावित पुल निर्माण कार्य की भी समीक्षा की.

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि कुठुलिया मार्ग का विकास लक्ष्मणबाग सहित संस्कृत विश्वविद्यालय तक सहज एवं सुगम पहुंच का मार्ग प्रशस्त करेगा. इससे विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों को आवागमन में विशेष सुविधा प्राप्त होगी. उन्होंने रिवर फ्रंट के सौंदर्यीकरण कार्य को भी परियोजना में शामिल करने के निर्देश दिए. बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति एवं कार्ययोजना की जानकारी प्रस्तुत की.

# शहर में लगने वाले जाम से आखिर वाहन चालकों को कब मिलेगा छुटकारा

## शहर के प्रमुख चौराहों में हर घंटे लग रहा जाम, नजर नहीं आती यातायात पुलिस, परेशान होते हैं वाहन चालक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, शहर में लगने वाले जाम से लोगो को छुटकारा नही मिल पा रहा है. कई ऐसे प्रमुख चौराहो और बाजार है जहा हर घंटे जाम की स्थित निर्मित होती है. लेकिन यहा न तो यातायात और न ही थानों की पुलिस नजर आती है और लोग खुद ही जाम खुलवाने में लगे रहते है.**



शहर के प्रमुख चौराहो खन्ना चौराहा, स्टेच्यू चौराहा, प्रकाश चौराहा अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी, सिरमौर चौराहा सहित अन्य कई ऐसे चौराहे है जहा हर घंटे जाम की स्थित निर्मित होती है. इस समय शादी ब्याह का सीजन चल रहा है और खरीददारी करने लोग बाजार निकल रहे है. जिसकी वजह से शहर में जाम की स्थित निर्मित होती है. लेकिन इस ओर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान नही जाता है. शहर में कहने को तो यातायात पुलिस है लेकिन पुलिस कहा है यह लोगो को समझ नही आता है. हा कुछ चौराहे ऐसे है जहा पर वाहन चेकिंग करते पुलिस देखी जा सकती है. लेकिन शहर में लगने वाले जाम से यातायात पुलिस को कोई लेनादेना नही है. बुधवार को खन्ना चौराहा से जयस्तंभ जाने वाले में अच्छा खासा जाम लगा रहा लेकिन यहा यातायात पुलिस नजर नही आई. जबकि यातायात थाना जयस्तंभ चौराहे के पास ही है. इसी तरह धोबिया टंकी में शाम को भीषण जाम लगा, जिसमें एम्बुलेंस भी फंसी रही. लेकिन जाम खुलवाने यातायात पुलिस नजर नही है. अगर यातायात पुलिस दिखती है तो अस्पताल चौराहे के पास सड़क के किनारे वाहनों की चेकिंग करते दिख जाती है और यही पर तीन-चार पुलिस के जवान मोटर साइकल वालों को पकड़ते देखे जा सकते है. जबकि इसके पास ही छोटी दरगाह से प्रकाश चौराहा जाने वाले मार्ग में हर घंटे दो घंटे में जाम लगता है. लेकिन पुलिस को इस जाम से कोई लेनादेना नही है. इसी तरह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सामने भी हर दिन जाम की स्थित बनती है लेकिन पुलिस यहा तक नही पहुंच पाती और लोग जाम में फसे रहते है.

### स्टेच्यू चौराहे से फोर्ट रोड जाना मुश्किल

शहर में अगर सबसे ज्यादा जाम की स्थित बनती है तो वह फोर्ट रोड़ मार्ग है. स्टेच्यू चौराहे से फोर्ट रोड़ जाने वाले मार्ग में ऐसा कोई दिन नही जब जाम न लगता हो. सकरी सड़क और व्यापारियों द्वारा फैलाया गया सामान जाम का मुख्य कारण बन रहा है. वही पुराना बाजार होने के वजह से खरीददारी करने लोग भी यहा पहुंचते है. जिनके द्वारा दुकानो के बाहर सड़क पर वाहन खड़ा कर देने से जाम की स्थित बन जाती है. स्थित तब और खराब हो जाती है जब इस मार्ग में फोर व्हीलर वाहन घुस जाते है. एक वाहन के घुसने ऐसा जाम लगता है कि घंटो लोग फसे रहते है. इसी तरह ई-रिक्सा भी इस मार्ग में जाम का मुख्य कारण बन रहे है.

# सीमावर्ती राज्य की सीमा में बैरियर चेक पोस्ट स्थापित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन कार्य आरंभ हो गया है.**

जिले के त्योंथर तहसील अन्तर्गत उत्तरप्रदेश राज्य की सीमा से लगे हुए क्षेत्रों में सीमावर्ती राज्य से अवैध गेंहू की आवक की निगरानी के लिए चेक पोस्ट/वैरियर स्थापित कर अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है.कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी त्योंथर ने चाकघाट से इलाहाबाद मार्ग वन विभाग जांच नाका चाकघाट में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा को प्रभारी अधिकारी नियुक्त करते हुए उनके सहयोग के लिए कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है. इसी प्रकार त्योंथर से शंकरगढ़ मार्ग पटहट चौकी के पास भी चेक पोस्ट स्थापित किया गया है. जबकि नारीबारी से मांगी मार्ग भण्डाफोर तिराहा एवं ककरहा से बरछा मार्ग ककरहा में सहकारिता निरीक्षक अमरीश सिंह बघेल के साथ कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है. चिरांव से सोनौरी मार्ग चिरांव तिराहा, डीही से बसहट मार्ग पथरपुरा तिराहा मूरी तथा मांगी से समरोल तिराहा एमपी - यूपी बॉर्डर मांगी में भी चेकपोस्ट लगाकर 24 घंटे निगरानी की जायेगी. नियुक्त किये गये दल को उत्तरप्रदेश की सीमा की ओर से आने वाले ऐसे वाहन जिनमें फसल परिवहन किया जा रहा हो उनकी गहन तलाशी लेने और प्रभारी अधिकारी/नोडल अधिकारी को तत्काल सूचना देने के निर्देश दिये गये हैं.

# जनगणना का प्रशिक्षण आरंभ

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 15 अप्रैल, जनगणना 2027 के अंतर्गत भवन सूचीकरण एवं जनगणना कार्य को संपादित करने हेतु प्रगणको एवं पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ नईगढ़ी तहसील के ठाकुर सोमेश्वर सिंह शा. महाविद्यालय में हुआ.**

प्रशिक्षण में 46 प्रतिभागियों ने सहभागिता की जिसमें फील्ड ट्रेनर के रूप में डॉ. कृष्ण चंद्र मिश्रा एवं डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया. जिला स्तर से प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार पांडे एवं राम सागर शुक्ला द्वारा किया गया. अपर कलेक्टर ने सभी प्रतिभागियों को निष्ठापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करके अच्छी तरह से कार्य को संपादित करने का मार्गदर्शन दिया.

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

**रीवा**. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल से प्रस्थान कर 16 अप्रैल को सुबह 8 बजे रीवा पहुंचेगे. श्री शुक्ल सुबह 11.30 बजे राजनिवास सर्किट हाउस में रीवा शहर की जल प्रदाय योजना (अमृत - 2) एवं सीवरेज कार्यों की समीक्षा करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 12.30 बजे अनुसूचित जाति विभाग द्वारा 1999.12 लाख रूपये से जिला मुख्यालयों के लिए 50-50 सीट के स्वीकृत प्री-मैट्रिक छात्रावासों की कार्ययोजना एवं भूमि उपलब्धता के संबंध में चर्चा करेंगे. तदुपरांत श्री शुक्ल इंजीनियरिंग महाविद्यालय के आवासीय परिसर हेतु 131.36 लाख रूपये से स्वीकृत बाउंड्रीबाल, शासकीय पॉलीटेक्निक के लिए 100 सीटर बालक छात्रावास एवं 60 सीटर बालिका छात्रावास सहित इंडोर स्पोर्टस काम्पलेक्स (लागत 1111.13 लाख रूपये) के निर्माण के संबंध में अधिकारियों से विचार विमर्श करेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर एक बजे कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में संभाग स्तरीय नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा रात्रि विश्राम रीवा में करेंगे.

### जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 को जवा में

**रीवा**. मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजनान्तर्गत आगामी 19 अप्रैल को जवा में जिला स्तरीय सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे हैं.

### लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 21 को

**रीवा**. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक 21 अप्रैल को आयोजित की गयी है. बाणसागर सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में एमएसएमई उद्योगों के संवर्धन, विकास नीति एवं योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की जायेगी. महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने बोर्ड के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति की अपेक्षा की है.

### नागरिक स्वयं कर सकेंगे अपनी गणना

**रीवा**. जनगणना 2027 के अंतर्गत इस बार नागरिकों को पहली बार स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है. इसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन अपनी जानकारी दर्ज कर अपनी जनगणना कर सकेंगे. स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक उपलब्ध रहेगी. इस अवधि में नागरिक निर्धारित पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रश्नावली भर सकते हैं और अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं. यह पहल जनगणना प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे नागरिकों की भागीदारी भी बढ़ेगी और डेटा संकलन की प्रक्रिया अधिक सुगम होगी. प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें और जनगणना कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें.

### डॉ. अम्बेडकर जयंती मनाई गई

**रीवा**. रविदास समाज के द्वारा संविधान निर्माण डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती ग्राम मैदानी में झांकी निकालकर रीवा शहर में भ्रमण कर मनाई गई. इस दौरान समाजसेवी संतोष मानव, सुरेश सिंह चौहान, अमित मानव, आनंद साकेत, अभय साकेत, संतोष साकेत, रमेश साकेत, विन्द्रावन साकेत, राममिलन साकेत, अनिल साकेत, रामकली साककेत, रामबाई साकेत, रामवती रावत, शंकर साकेत, के.के चौधरी आदि उपस्थित रहे.

### 4 व्यक्तियों को 2-2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**सतना**. हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीडित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रूपये तथा मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत वार्ड नं. 10 गढी टोला कोठी निवासी बेबी चौधरी के पुत्र, उचेहरा तहसील अंतर्गत डिघौरा गोबराव कला बिहटा निवासी सुशीला कोल के पुत्र, नागौद तहसीलदार अंतर्गत चोरबरी 18 सिंहपुर निवासी मुन्नी चौधरी के पति तथा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत कोटर, बिरसिंहपुर निवासी रामबक्स प्रजापति के पिता की अज्ञात वाहन से सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2-2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।



कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी

# कलेक्टर के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले अधिकारी-कर्मचारी, वेतन काटने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**


**रीवा, 15 अप्रैल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया तथा अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिये.**

कलेक्टर ने उद्यानिकी, कृषि एवं शिक्षा विभाग के जिला कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली. उद्यान विभाग कार्यालय के आकस्मिक निरीक्षण में अनुपस्थित श्रीमती प्रशस्ति पाण्डेय, बृजराज सिंह एवं मानेन्द्र कुशवाहा का एक दिन का वेतन काटे जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये. उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अनुपस्थित लिपिक सुभाष शुक्ला का एक दिन का वेतन तथा उप संचालक कृषि कार्यालय में सुनील कुमार शुक्ला का 2 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये. शिल्पी प्लाजा ए ब्लाक के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई न होने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संचालित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें. सभी कार्यालय अपने-अपने कारीडोर की सफाई रखें. उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी भ्रमण में गंदगी पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी. कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि कार्यालयीन शत-प्रतिशत कार्य ई आफिस के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करायें. कोई भी फाइल या पत्र ई फाईल के बिना क्रियान्वित न हो. उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को आगाह किया कि नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहें. ऑनलाइन उपस्थिति के उपरांत संधारित रजिस्टर में भी उपस्थिति दर्ज करें. उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की जायेगी.

# रोजगार मेले में कंपनियों ने किया 307 युवाओं का चयन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, युवा संगम कार्यक्रम के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का प्रतिमाह आयोजन किया जा रहा है.**



संभागीय जे.एन.सी.टी. कॉलेज रतहरा में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया. मेले में 510 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 19 कंपनियों ने 307 युवाओं का चयन किया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया मेले में ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि. झागड़िया में 6, ओत्सुका फार्मास्युटिकल इंडिया प्रा.लि. अहमदाबाद गुजरात में 12, सिन्टेक्स इंडस्ट्रीज लि. जाफराबाद गुजरात में 15, जेके टायर्स मुरैना में 22, बंसल वायर इन्डस्ट्रीज लि. ग्रेटर नोयडा में 6, आमधनी प्रा.लि. एमआरएफ टायर्स दहेज गुजरात में 5, आमधनी प्रा. लि. आपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात में एक, आमधनी प्रा. लि. सोलर प्लांट अहमदाबाद बाबला गुजरात में 11, आमधनी बजाज आटो लिमि. पुणे महाराष्ट्र में 14, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा में 24, कास्टएनएक्स प्रा. लि. इंदौर में 8, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार में 11, एच. डी. ए. फसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी रीवा में 39 का चयन हुआ.

# पिकअप चालक से मारपीट

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, रीवा जिले का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें कुछ लोग एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए उसके जेब से रुपए निकाल रहे है.**

वायरल वीडियो सगरा थाना क्षेत्र की बताया जा रहा है, हालांकि किसी के द्वारा थाने में नातो सूचना दी गई और नहीं शिकायत की गई. जानकारी के अनुसार पिकअप का चालक हरिहर प्रसाद वाहन लेकर रीवा से बैकुंठपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान ग्राम लौवा मे स्कूटी वाहन मे टच हो गया. जिसके बाद मौके पर एकत्रित लोगो ने पिकअप चालक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करते हुए जेब से रुपए निकाल लिए.

इसी दौरान किसी के द्वारा वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया वीडियो में पूरा घटना क्रम नजर आ रहा है. इस वायरल वीडियो पुष्टि नवभारत नही करता.

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण की तैयारी शुरू; आज से शुरू होगी 'स्व-गणना'

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, जिले में जनगणना 2027 को सुचारू और सटीक बनाने की दिशा में तैयारियां जारी हैं.**

डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत 'मकान सूचीकरण' और 'मकानों की गणना' का कार्य आगामी एक मई से 30 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा. इससे पूर्व, आम नागरिकों के लिए 'स्व-गणना' की सुविधा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच उपलब्ध रहेगी. जनगणना के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की योजना तैयार की गई है. जिले के नगरीय निकायों और तहसीलों में कचरा गाड़ियों पर लगे ऑडियो सिस्टम के माध्यम से जनगणना संबंधी संदेश प्रसारित किए जाएंगे. प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों और सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध ऑडियो सिस्टम से लोगों को जनगणना के महत्व की जानकारी दी जाएगी. इसका प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा.

# जनगणना प्रथम चरण के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 15 अप्रैल, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत जिले में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हो गया है.**




इस क्रम में शासकीय कन्या महाविद्यालय में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण नगर जनगणना अधिकारी प्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया. उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से संचालित करने की बात कही.प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य मध्यप्रदेश में एक मई से 30 मई तक एक साथ संचालित किया जाएगा. द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में देशभर में संपन्न कराया जाएगा. प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिला मुख्यालय, तहसीलों एवं नगर परिषदों में आयोजित किया जायेगा.

प्रशिक्षण फील्ड ट्रेनर्स के माध्यम से दिया जा रहा है, जिसमें जनगणना कार्य से संबंधित सभी आवश्यक बिंदुओं की जानकारी प्रदान की जा रही है. प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 में आधुनिक डिजिटल माध्यमों का उपयोग किया जाएगा.

# गुढ़ विधानसभा में झोलाछाप डॉक्टरों का जाल, ग्रामीणों की जान से खिलवाड़

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 15 अप्रैल, रीवा जिले के गुढ विधानसभा क्षेत्र मुख्यालय से लेकर ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क तेजी से फैलता नजर आ रहा है.**



गुढ़ महसांव से लेकर रीठी, उमरी, लक्ष्मणपुर और शिवपुरवा जैसे गांवों में बिना डिग्री और बिना किसी वैध अनुमति के कथित डॉक्टर खुलेआम अपनी दुकानें सजा कर मरीजों का इलाज कर रहे हैं. ग्रामीणों की मजबूरी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का फायदा उठाकर ये झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी के साथ खतरनाक खेल खेल रहे हैं. न तो इनके पास कोई मान्यता प्राप्त डिग्री है और न ही इलाज का वैज्ञानिक आधार, इसके बावजूद ये इंजेक्शन, ड्रिप और दवाइयां देकर गंभीर बीमारियों तक का इलाज करने का दावा कर रहे हैं. जानकारी के अनुसार, ये फर्जी डॉक्टर सामान्य बुखार, सर्दी-खांसी से लेकर टाइफाइड, निमोनिया और अन्य गंभीर बीमारियों तक का इलाज कर रहे हैं. कई मामलों में गलत दवाइयों और ओवरडोज के कारण मरीजों की हालत बिगड़ने की शिकायतें भी सामने आई हैं, लेकिन डर और जागरूकता की कमी के चलते मामले दबा दिए जाते हैं.

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**-स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन झोलाछाप डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो बड़ा हादसा हो सकता है.

# मुख्यमंत्री कल करेंगे समीक्षा

रीवा, 15 अप्रैल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करेंगे. बैठक 17 अप्रैल को सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. पूर्व में यह बैठक 18 अप्रैल को प्रस्तावित थी जिसकी तिथि में परिवर्तन किया गया है. कमिश्नर बीएस जामोद ने बैठक में शामिल होने के निर्देश दिए हैं.